दैंनिक भारत कि

# तामीर

संपादक - काझी मकदूम शफीउद्दीन hinditameer@gmail.com

Editor in chief- Qazi makhdoom shafiuddin

बीड (महाराष्ट्र) | वर्ष-२ ला | अंक-७२ वा | मंगळवार १६ दिसंबर २०२५ | RNI TITLE CODE:MAHHIN11405/120/1/3/2024 | किमत : २ रूपये | पन्ने - ४

## मदरसों पर कार्रवाई, वसीम बुरहान कि नाराजगी।

अकलकोवा (संवाददाता) - १४ दिसंबर २०२५ : महाराष्ट्र राज्य अल्पसंख्यक आयोग के राज्य सदस्य वसीम बरहान ने आरोप लगाया है कि भाजपा नेता क्रीट सोमिया अल्पसंख्यक संस्थाओं और व्यक्तियों के खिलाफ निराधार आरोप लगाकर लगातार अल्पसंख्यक मुस्लिम समुदाय को निशाना बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें संस्थान के प्रशासन से सूचना मिली है कि अकलकोवा में एक अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थान को बदनाम करने के लिए विभिन्न गैरकानूनी और झूठे आरोप लगाए जा रहे हैं।

बरहान ने कहा, राज्य में अल्पसंख्यक संस्थान संविधान द्वारा दिए गए अधिकारों के अनुसार काम कर रहे हैं। कोई भी जांच या कार्रवाई केवल कानून के दायरे में, अधिकृत प्राधिकरण द्वारा ही की जानी चाहिए। केवल आरोपों के आधार पर दबाव डालना, बदनाम करना और अनावश्यक तकलीफ़ देना लोकतंत्र और कानून के शासन के विरुद्ध है।

उन्होंने आगे कहा, हम राज्य में अल्पसंख्यक व्यक्तियों, समुदायों और संस्थाओं के खिलाफ किसी भी गैरकानूनी और निराधार कार्रवाई की अनुमति नहीं देंगे। अल्पसंख्यक आयोग ऐसे मामलों को गंभीरता से देख रहा है और आवश्यकता पड़े तो कानूनी कदम उठाए जाएंगे।

इस दौरान बरहान ने यह भी विश्वास व्यक्त किया कि संबंधित शैक्षणिक संस्थान ने सभी नियमों और शर्तों का पालन किया है और वास्तविक स्थिति सामने आएगी।

# मुंबई समेत २९ महानगरपालिकाओं के चुनाव का बिगुल बजा

## १५ जनवरी को मतदान, १६ जनवरी को मतगणना; क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता लागू

**रिपोर्टर : जमीर काज़ी**

**मुंबई : देश की सबसे समृद्ध महानगरपालिका बृहन्मुंबई (बीएमसी) सहित महाराष्ट्र की २९ महानगरपालिकाओं के आम चुनावों का कार्यक्रम आखिरकार घोषित कर दिया गया है। इन सभी महानगरपालिकाओं में १५ जनवरी को मतदान होगा, जबकि १६ जनवरी को मतगणना कर परिणाम घोषित किए जाएंगे। मुंबई में यह चुनाव ठाकरे बंधुओं के नेतृत्व वाले गुट और महायुति के बीच सीधी टक्कर के रूप में देखा जा रहा है, जबकि अन्य महानगरपालिकाओं में स्थानीय राजनीतिक परिस्थितियों के अनुसार दोनों गठबंधनों के बीच कहीं संयुक्त तो कहीं मैत्रीपूर्ण मुकाबले होंगे।**

मुंबई की २२७ सीटों सहित कुल २,८६९ सीटों के लिए यह चुनाव आयोजित किया जा रहा है। चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही संबंधित सभी महानगरपालिका क्षेत्रों में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। यह जानकारी राज्य चुनाव आयुक्त दिनेश वाघमारे ने सोमवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी।

सह्याद्री अतिथिगृह में आयोजित इस पत्रकार परिषद में आयोग के सचिव सुरेश काकाणी और सहायक आयुक्त (जनसंपर्क) डॉ. जगदीश मोरे भी उपस्थित थे।

आयुक्त वाघमारे ने बताया कि सभी महानगरपालिकाओं की चुनाव प्रक्रिया सर्वोच्च न्यायालय के अंतिम निर्णय के अधीन रहेगी। बृहन्मुंबई महानगरपालिका के चुनाव की अधिसूचना १६ दिसंबर को, जबकि शेष २८ महानगरपालिकाओं की अधिसूचना १८ दिसंबर को जारी की जाएगी। सभी स्थानों पर १५ जनवरी को सुबह ७.३० बजे से शाम ५.३० बजे तक मतदान होगा।

**महानगरपालिका क्षेत्रों में आचार संहिता**

चुनाव कार्यक्रम घोषित होते ही संबंधित महानगरपालिका क्षेत्रों में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। इसके तहत मतदाताओं को प्रभावित करने वाली किसी भी प्रकार की घोषणा या गतिविधि पर प्रतिबंध रहेगा।

**२९ महानगरपालिकाओं की स्थिति**

राज्य की २९ महानगरपालिकाओं में जालना और इचलकरंजी दो नवगठित महानगरपालिकाएं हैं। पांच महानगरपालिकाओं का कार्यकाल वर्ष २०२० में समाप्त हुआ था। सबसे अधिक १८ महानगरपालिकाओं का कार्यकाल २०२२ में समाप्त हुआ, जबकि चार का कार्यकाल २०२३ में समाप्त हुआ है।

चुनाव होने वाली प्रमुख महानगरपालिकाओं में बृहन्मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, कल्याण-डोंबिवली, वसई-विरार, पुणे, पिंपरी-चिंचवड, नागपुर, नाशिक, कोल्हापुर, सोलापुर, अमरावती, अकोला, चंद्रपुर, लातूर, परभणी, भिवंडी-निजामपुर, मालेगांव, पनवेल, मीरा-भाईंदर, नांदेड़-वाघाळा, सांगली-मिरज-कुपवाड, जळगांव, धुले, अहिल्यानगर, जालना (नवगठित) और इचलकरंजी (नवगठित) शामिल हैं।

**बहुसदस्यीय प्रणाली**

बृहन्मुंबई महानगरपालिका को छोड़कर शेष २८ महानगरपालिकाओं में चुनाव बहुसदस्यीय प्रभाग प्रणाली के तहत होंगे। मुंबई में प्रत्येक प्रभाग से केवल एक सदस्य चुना जाएगा और मतदाता को केवल एक ही मत देना होगा। अन्य महानगरपालिकाओं में प्रत्येक प्रभाग में सामान्यतः तीन से पांच सदस्य चुने जाएंगे, इसलिए वहां मतदाताओं को तीन से पांच मत देने होंगे।

**नामांकन पत्र ऑफलाइन**

हालांकि राज्य चुनाव आयोग ने कंप्यूटर प्रणाली के माध्यम से नामांकन और शपथपत्र दाखिल करने की सुविधा उपलब्ध कराई है, लेकिन राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों की मांग को ध्यान में रखते हुए महानगरपालिका चुनावों में नामांकन पत्र पारंपरिक ऑफलाइन पद्धति से ही स्वीकार किए जाएंगे।

**जाति वैधता प्रमाणपत्र**

आरक्षित सीटों से चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को नामांकन के साथ जाति प्रमाणपत्र और जाति वैधता प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। यदि वैधता प्रमाणपत्र उपलब्ध न हो, तो जाति जांच समिति में आवेदन किए जाने का प्रमाण देना होगा और छह माह के भीतर वैधता प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने का शपथपत्र देना होगा। तय अवधि में प्रमाणपत्र जमा न करने पर उम्मीदवार का निर्वाचन रद्द कर दिया जाएगा।

**मतदान केंद्र और ईवीएम**

इन चुनावों के लिए कुल ३ करोड़ ४८ लाख ७८ हजार १७ मतदाता पंजीकृत हैं। लगभग ३९,१४७ मतदान केंद्र बनाए गए हैं। चुनाव के लिए ४३,९५८ कंट्रोल यूनिट और ८७,९१६ बैलेट यूनिट उपलब्ध कराई गई हैं। केवल बृहन्मुंबई में १०,१११ मतदान केंद्रों के लिए ११,३४९ कंट्रोल यूनिट और २२,६९८ बैलेट यूनिट की व्यवस्था की गई है।

**दोहरे मतदाताओं पर निगरानी**

विधानसभा मतदाता सूचियों के आधार पर ही स्थानीय निकाय चुनावों की मतदाता सूची तैयार की गई है। संभावित दोहरे मतदाताओं की पहचान के लिए विशेष सतर्कता बरती गई है। बृहन्मुंबई महानगरपालिका ने इसके लिए स्वतंत्र कंप्यूटर प्रणाली विकसित की है।

**'मताधिकार' मोबाइल ऐप**

मतदाताओं की सुविधा के लिए राज्य चुनाव आयोग ने 'मताधिकार' मोबाइल ऐप उपलब्ध कराया है, जिससे मतदाता अपना नाम, मतदान केंद्र और उम्मीदवारों की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। यह ऐप गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध है।

**वरिष्ठ नागरिक और दिव्यांगों के लिए सुविधा**

मतदान केंद्रों पर वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगों, गर्भवती महिलाओं और शिशुओं के साथ आने वाली महिलाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। रैंप, व्हीलचेयर, पानी, शौचालय और अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। महिला बहुल मतदान केंद्रों पर 'पिंक पोलिंग बूथ' बनाए जाएंगे। मतदान केंद्र के भीतर मोबाइल फोन ले जाना प्रतिबंधित रहेगा।

**चुनावी अमला**

इन चुनावों के लिए लगभग २९० निर्वाचन अधिकारी, ८७० सहायक निर्वाचन अधिकारी और करीब १,९६,६०५ चुनाव कर्मियों की नियुक्ति की गई है।

**मतदाता आंकड़े**

पुरुष मतदाता : १,८१,९३,६६६
महिला मतदाता : १,६६,७९,७५५
अन्य मतदाता : ४,५९६
कुल मतदाता : ३,४८,७८,०१७
कुल मतदान केंद्र : ३९,१४७

**सीटें और आरक्षण**

कुल महानगरपालिकाएं : २९
कुल प्रभाग : ८९३
कुल सीटें : २,८६९
महिलाओं के लिए : १,४४२
अनुसूचित जाति : ३४१
अनुसूचित जनजाति : ७७
नागरिकों के पिछड़ा वर्ग : ७५९

**उम्मीदवारों की खर्च सीमा**

बृहन्मुंबई व 'अ' श्रेणी (पुणे, नागपुर) : १५ लाख
'ब' श्रेणी (पिंपरी-चिंचवड, नाशिक, ठाणे) : १३ लाख
'क' श्रेणी (कल्याण-डोंबिवली, नवी मुंबई, छत्रपति संभाजीनगर, वसई-विरार) : ११ लाख
'ड' श्रेणी (अन्य १९) : ९ लाख

**महत्वपूर्ण तिथियां**

नामांकन दाखिल करने की अवधि : २३ से ३० दिसंबर
नामांकन की जांच : ३१ दिसंबर
नाम वापसी की अंतिम तिथि : २ जनवरी २०२६
चुनाव चिह्न आवंटन : ३ जनवरी
अंतिम उम्मीदवार सूची : ३ जनवरी
मतदान : १५ जनवरी
मतगणना : १६ जनवरी

## बीड जिले से राष्ट्रीय लोक अदालत में १,९०४ मामलों का निपटारा




बीड : आज दिनांक १३ दिसंबर २०२५ को बीड मुख्यालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन आनंद एल. यावलकर, अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बीड तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के हाथों संपन्न हुआ।

इस उद्घाटन समारोह में जिला न्यायाधीश-१ वी.एच. पाटवदकर, तदर्थ जिला न्यायाधीश एस.एस. घोरपडे, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव डब्ल्यू.ए. सय्यद, बीड मुख्यालय के सभी न्यायिक अधिकारी, बीड जिला वकील संघ के प्रभारी अध्यक्ष आर.वी. देशमुख सहित उनके सभी पदाधिकारी एवं अधिवक्ता उपस्थित थे।

महाराष्ट्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार तथा आनंद एल. यावलकर, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बीड के मार्गदर्शन में आज १३ दिसंबर २०२५ को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में बीड जिले से कुल १,९०४ मामलों का समझौते के माध्यम से निपटारा किया गया।

बीड जिले की न्यायालयों में लंबित मामलों में से कुल ८,२६५ मामलों को लोक अदालत में रखा गया था। इनमें दीवानी, फौजदारी, मोटर दुर्घटना, भूमि अधिग्रहण तथा धारा १३८, परक्राम्य लिखत अधिनियम (एन.आई. एक्ट) से संबंधित मामले शामिल थे। इनमें से ५४३ मामलों का निपटारा किया गया।

वहीं, न्यायालय-पूर्व (प्री-लिटिगेशन) स्तर पर कुल ३३,२२१ मामले रखे गए थे, जिनमें से १,३६१ मामलों का निपटारा किया गया। इस प्रकार कुल १,९०४ मामलों का निपटारा हुआ, जिनमें १२ करोड़ ५३ लाख ०१ हजार ९८२ रुपये की राशि से संबंधित विवादों का समाधान किया गया।

इस लोक अदालत की सफलता के लिए डब्ल्यू.ए. सय्यद, सदस्य सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बीड के साथ-साथ बीड मुख्यालय के सभी न्यायिक अधिकारी, बीड जिला वकील संघ के प्रभारी अध्यक्ष आर.वी. देशमुख एवं उनके सहकारी पदाधिकारी, वकील संघ के सभी सदस्य, जिला सरकारी वकील तथा सभी सरकारी अभियोजकों की प्रमुख उपस्थिति रही।

इसके अलावा न्यायालयीन कर्मचारी, बैंक कर्मचारी, पुलिस कर्मचारी तथा अन्य कार्यालयीन कर्मचारियों ने भी लोक अदालत को सफल बनाने के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## बीड के शैक्षणिक इतिहास में नया अध्याय

### उर्दू माध्यम के विद्यार्थियों के लिए कोशिश कि जानिब से लिया गया ऐतिहासिक और प्रेरणादायी करियर काउंसलिंग सम्मेलन





: बीड संवाददाता

बीड : बीड जिले के शिक्षा और अधिगम के इतिहास में पहली बार उर्दू माध्यम के विद्यार्थियों के लिए इतना सफल, प्रभावशाली और प्रेरणादायी करियर काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। कोशिश फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित इस सम्मेलन ने विद्यार्थियों के भीतर बड़े सपने देखने और उन्हें साकार करने का आत्मविश्वास जगाया।

दिल्ली से आए प्रख्यात यूपीएससी कोच मोहम्मद यासर सिद्दीकी ने अत्यंत सरल, क्रमबद्ध और प्रभावी शैली में संघ लोक सेवा आयोग (णझडउ) की पूरी प्रक्रिया विद्यार्थियों को समझाई। उन्होंने स्पष्ट किया कि सफलता की तैयारी केवल स्नातक स्तर से नहीं, बल्कि आठवीं कक्षा से लक्ष्य निर्धारण और मैट्रिक के बाद निरंतर प्रयास से शुरू होती है।

यह विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि मोहम्मद यासर सिद्दीकी के बड़े भाई नूह सिद्दीकी स्वयं यूपीएससी में सफल अधिकारी हैं और वर्तमान में कश्मीर में डिप्टी कमिश्नर के पद पर कार्यरत हैं। नूह सिद्दीकी, बीड के जिलाधिकारी विवेक जॉनसन के बैचमेट भी रहे हैं। यह उदाहरण विद्यार्थियों के लिए जीवंत प्रेरणा बना कि उर्दू माध्यम और छोटे शहरों से निकलकर भी देश की सर्वोच्च सेवाओं तक पहुँचा जा सकता है।

इस अवसर पर नूह सिद्दीकी के पिता शुऐब सिद्दीकी, जो स्वयं एक अनुभवी यूपीएससी कोच हैं तथा (काविश) फाउंडेशन, दिल्ली और औरंगाबाद के मार्गदर्शक हैं, उन्होंने भी सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल नौकरी पाने का माध्यम नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र निर्माण का सशक्त साधन है। कार्यक्रम के अन्य सत्रों में एडवोकेट अहमद खान, चेयरमैन - बार काउंसिल महाराष्ट्र-गोवा ने CL-T और कानून क्षेत्र में करियर की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। श्री सिराज शेख, उपाध्यक्ष - टैक्स प्रैक्टिशनर्स एसोसिएशन, उस्मानाबाद ने चार्टर्ड अकाउंटेंट (उ-) क्षेत्र का मार्गदर्शन किया। वहीं फरहाना अल्मेल, अकादमिक डायरेक्टर - -ऊअख, छऊ- अकादमी, पुणे ने छऊ- और रक्षा सेवाओं में करियर के अवसरों से विद्यार्थियों को अवगत कराया।

कार्यक्रम के प्रायोजक डॉ. फिरोज शेख ने कहा कि कोशिश फाउंडेशन का उद्देश्य ग्रामीण और अल्पसंख्यक विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन उपलब्ध कराना है। उन्होंने भविष्य में भी ऐसे अनेक शैक्षणिक व कौशल विकास कार्यक्रम आयोजित किए जाने की घोषणा की।

कार्यक्रम का कुशल संचालन डॉ. इमरान, गुलाम साकिब और डॉ. अनीस ने किया, जबकि समापन अवसर पर सैयद तौसिफ और इंजीनियर जावेद शेख ने आभार प्रदर्शन किया।

कुल मिलाकर यह सम्मेलन बीड के उर्दू और सेमी इंग्लिश माध्यम के विद्यार्थियों के लिए आत्मविश्वास, दिशा और उज्ज्वल भविष्य की आशा लेकर आया।

## उर्दू दैनिक तामीर के २५ वे साल में क़दम रखने पर एक और पेशकश

# ग्रामीण विकास के साथ-साथ गांवों की सुरक्षा के लिए पत्रकारों को सशक्त लेखनी चलानी चाहिए-पद्मश्री पोपटराव पवार

## ग्रामीण क्षेत्रों में पत्रकारों के कार्यक्रम आयोजित करने की नई पहल-मुख्य ट्रस्टी एस.एम. देशमुख

काज़ी अमान / बीड

बीड : समाज को दिशा देने में मीडिया की भूमिका सदैव महत्वपूर्ण रही है। आज ग्रामीण क्षेत्रों से शहरों की ओर बड़े पैमाने पर हो रहे पलायन के कारण गांवों का अस्तित्व संकट में है। महाराष्ट्र की समृद्ध वारकरी और संत परंपरा से विकसित ग्राम व्यवस्था आज मरणासन्न स्थिति में पहुंच रही है। ऐसे समय में गांवों की सुरक्षा के लिए पत्रकारों को अपनी लेखनी पूरी ताकत के साथ चलानी चाहिए, क्योंकि देश के शहर तभी सुरक्षित रह सकते हैं जब पहले गांव सुरक्षित रहेंगे। यह विचार आदर्श गांव योजना के कार्याध्यक्ष पद्मश्री पोपटराव पवार ने व्यक्त किए।

वे बीड जिले के वरिष्ठ पत्रकारों के सम्मान तथा स्वतंत्रता सेनानी माणिकराव देशमुख के नाम से दिए जाने वाले विभिन्न पुरस्कारों के वितरण समारोह में बोल रहे थे। यह समारोह देवडी (जि. बीड) स्थित माणिकबाग में पद्मश्री पोपटराव पवार के हाथों संपन्न हुआ।

इस अवसर पर अखिल भारतीय मराठी पत्रकार परिषद के मुख्य ट्रस्टी एस.एम. देशमुख, उपमुख्यमंत्री के स्वास्थ्य कक्ष



प्रमुख मंगेश चिवटे, परिषद के ट्रस्टी शरद पाबळे, अध्यक्ष मिलिंद अष्टिवकर, कोषाध्यक्ष मन्सूर शेख, उपाध्यक्ष गोपी लांडगे, राज्य प्रचार प्रमुख संदीप कुलकर्णी, सह-प्रचार प्रमुख भरत निगडे, डिजिटल मीडिया परिषद के अध्यक्ष अनिल वाघमारे, नाशिक विभागीय अधिस्वीकृति समिति के सदस्य विजयसिंह होलम, परिषद के बीड विभागीय सचिव रवी उबाळे, अहिल्यानगर जिलाध्यक्ष सूर्यकांत नेटके, पुणे जिलाध्यक्ष सुनील लोणकर, बीड जिलाध्यक्ष विशाल साळुंके, विभागीय संगठक सुभाष चौरे, वडवणी तालुका अध्यक्ष सतीश सोनवणे सहित राज्यभर से आए पदाधिकारी और पत्रकार बड़ी संख्या में उपस्थित थे। पुरस्कार वितरण के उपरांत परिषद की विस्तारित कार्यकारिणी की बैठक भी संपन्न हुई।

पद्मश्री पोपटराव पवार ने कहा कि मुंबई सहित राज्य के प्रमुख शहरों के पत्रकारों को ग्रामीण क्षेत्रों से जोड़ने में एस.एम. देशमुख का महत्वपूर्ण योगदान है। पत्रकारों के लिए उनका कार्य सराहनीय है। देवडी जैसे ग्रामीण क्षेत्र में पत्रकारों की बैठक आयोजित कर उन्होंने एक सकारात्मक संदेश दिया है, जिससे ग्रामीण समस्याओं को शहरी पत्रकारों तक पहुंचाने में मदद मिलेगी और यहां से एक अच्छा संदेश पूरे देश में जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि ग्रामीण विकास और कृषि भारत की आत्मा हैं, इसलिए पत्रकारों को इन क्षेत्रों पर विशेष ध्यान देना चाहिए। उनकी लेखनी के माध्यम से गांव, खेती और किसानों के नवाचार सामने आने चाहिए। सत्ता में कौन-सा दल है, यह कम महत्वपूर्ण है; उससे अधिक जरूरी यह है कि नेतृत्व का ग्रामीण विकास को लेकर दृष्टिकोण क्या है। इसी दिशा में पत्रकारों को लिखना चाहिए। पवार ने हिवरे बाजार की विकास यात्रा का उल्लेख करते हुए बताया कि इसमें अहिल्यानगर सहित राज्यभर के पत्रकारों का भी बड़ा योगदान रहा है।

ग्रामीण क्षेत्रों में पत्रकार कार्यक्रमों की नई पहल - एस.एम. देशमुख

मुख्य ट्रस्टी एस.एम. देशमुख ने कहा कि अखिल भारतीय मराठी पत्रकार परिषद की स्थापना वर्ष १९३९ में हुई थी और परिषद अब शतकोत्तर महोत्सव की ओर अग्रसर है। इस वर्ष पहली बार ग्रामीण क्षेत्र में परिषद की बैठक और पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित कर एक नई परंपरा शुरू की गई है। परिषद के राज्यभर में १२ हजार पत्रकार सदस्य हैं, जिनमें बड़ी संख्या शहरी पत्रकारों की है। ग्रामीण मुद्दों, खेती और किसानों की समस्याओं को प्रत्यक्ष रूप से समझने के लिए पत्रकारों का ग्रामीण क्षेत्रों में आना आवश्यक है, इसलिए अब ऐसे कार्यक्रम अधिक से अधिक ग्रामीण इलाकों में आयोजित किए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि स्वतंत्रता सेनानी माणिकराव देशमुख के नाम से दिए जाने वाले पुरस्कारों के अंतर्गत बीड जिले के निर्माण में योगदान देने वाले पांच वरिष्ठ पत्रकारों का सम्मान किया गया। इनमें दिव्यांगों को न्याय दिलाने वाले दीपक कैतके, मंत्रालय एवं विधानमंडल वार्ताहर संघ के अध्यक्ष दिलीप सपाटे तथा बीड के आदर्श किसान कल्याणराव कुलकर्णी शामिल हैं।

इसके अतिरिक्त माणिकराव देशमुख सामाजिक विकास प्रतिष्ठान की ओर से समाजसेवा, पत्रकारिता और कृषि क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले तीन विशिष्ट व्यक्तियों को पद्मश्री पोपटराव पवार और मंगेश चिवटे के हाथों सम्मानित किया गया। किसानपुत्र आंदोलन के माध्यम से किसानों को न्याय दिलाने वाले अमर हबीब को समाजभूषण, वरिष्ठ पत्रकार सुहास देशमुख को पत्रभूषण तथा देवडी के प्रगतिशील किसान गोरख झाटे को कृषि भूषण पुरस्कार प्रदान किया गया।

उपमुख्यमंत्री के स्वास्थ्य कक्ष प्रमुख मंगेश चिवटे ने पत्रकारों के लिए उपलब्ध विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी दी और अधिक से अधिक पत्रकारों से इनका लाभ उठाने का आह्वान किया। परिषद के अध्यक्ष मिलिंद अष्टिवकर ने प्रस्तावना रखी। कार्यक्रम का प्रभावी संचालन डिजिटल मीडिया परिषद के बीड जिलाध्यक्ष दिनकर शिंदे ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन विशाल सोलुंके ने किया। समारोह में पत्रकार बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# बीड नगर परिषद चुनाव परिणाम से पहले ही अजित दादा ने निभाया वादा-विजयसिंह पंडित

## अल्पसंख्यक बहुल मोमीनपुरा व सैयद अली नगर क्षेत्र में करोड़ों रुपये के विकास कार्यों को मंजूरी

## विधायक विजय सिंह पंडित के प्रयासों को मिली सफलता - शेख निज़ाम

बीड : बीड नगर परिषद चुनाव के मद्देनज़र चुनावी माहौल के बीच उपमुख्यमंत्री अजित दादा पवार ने मतदाताओं से यह अपील की थी कि पिछले ३५ वर्षों से लंबित विकास के बकाया को पूरा करने के लिए उन्हें केवल पांच वर्ष का अवसर दिया जाए। मैं काम का आदमी हूं, जो कहता हूं वही करता हूं, इस कथन को साकार करते हुए अजित दादा पवार ने बीड शहर के अल्पसंख्यक बहुल मोमीनपुरा क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए अल्पसंख्यक विकास योजना के अंतर्गत करोड़ों रुपये की मंजूरी दी है।

इस मंजूरी से बीड शहर के अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों के विकास को गति मिलेगी और वर्षों से चला आ रहा विकास का अनुशेष भरने में मदद मिलेगी। मोमीनपुरा क्षेत्र में दायरा कब्रस्तान से नसीब कटपीस





तक सीमेंट सड़क, सैयद अली नगर रोड, मोहम्मदिया कॉलोनी रोड, अबू हनिफा चौक से बूस्टर पंप तक सड़क सहित कुल १० विकास कार्यों को अल्पसंख्यक विकास योजना के तहत ५ करोड़ रुपये से अधिक की राशि मंजूर की गई है।

इन विकास कार्यों की मंजूरी के लिए विधायक विजय सिंह पंडित के माध्यम से शेख निज़ाम ने अजित दादा पवार के समक्ष लगातार पाठपुरावा किया। इस पर उपमुख्यमंत्री अजित दादा पवार ने सकारात्मक निर्णय लेते हुए अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों के विकास को मुख्यधारा में लाने के लिए बड़ा निधि आवंटित किया है।

शेख निज़ाम ने कहा कि चरणबद्ध तरीके से पिछले ३५ वर्षों से लंबित सभी विकास कार्य पालकमंत्री अजित दादा पवार, विधायक विजय सिंह पंडित, जिलाध्यक्ष एडवोकेट राजेश्वर चव्हाण और शेख मुजीब भाई के मार्गदर्शन में पूरे किए जाएंगे। उन्होंने यह भी विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में विधायक विजय सिंह पंडित के नेतृत्व में, पालकमंत्री अजित दादा पवार के साथ अल्पसंख्यक समाज के सभी वर्ग मजबूती से खड़े रहेंगे और बीड शहर व बीड विधानसभा क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव लाएंगे। यह विचार राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष शेख निज़ाम जैनोद्दीन के साथ शेख खय्युम इनामदार, मोमीन जुबेर, हाफिज अशपाक, शेख सत्तार इनामदार, बबलू गलधर, शेख इरफान और मोमीन जानी ने भी व्यक्त किए।

# शिक्षा के क्षेत्र में एक और उपलब्धि, अल-हसन इंटरनेशनल स्कूल को 'स्टार एजुकेशन अवॉर्ड २०२५' से सम्मानित.

जलगांव (अकिल ख़ान ब्यावली)



अल-हसन इंटरनेशनल स्कूल ने शिक्षा के क्षेत्र में एक बार फिर अपनी उत्कृष्ट पहचान स्थापित करते हुए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। विद्यालय को महाराष्ट्र श्रेणी में बेस्ट स्कूल इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए प्रतिष्ठित स्टार एजुकेशन अवॉर्ड २०२५ से सम्मानित किया गया है।

यह सम्मान द टाइम्स ऑफ इंडिया के सहयोग से आयोजित स्टार एजुकेशन अवॉर्ड्स २०२५ के अंतर्गत, एडऋए एजुकेशन सप्लाई एंड फ्रेंचाइज़ एक्सपो के दौरान प्रदान किया गया। सम्मान समारोह का आयोजन १३ दिसंबर २०२५ को नेसको (छएडउज), बॉम्बे एग्ज़िबिशन सेंटर, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई में हुआ।

अल-हसन इंटरनेशनल स्कूल की स्थापना स्वर्गीय शेख हसन नूर मोहम्मद की दूरदर्शी सोच का परिणाम है। वे अंजुमन-ए-खिदमत-ए-खल्क के के.के. सचिव, एंग्लो उर्दू हाई स्कूल के पूर्व सचिव तथा अल-हसन इंटरनेशनल स्कूल के संस्थापक रहे। उनके द्वारा निर्धारित मार्गदर्शन और शैक्षणिक मूल्यों के अनुरूप आज विद्यालय निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है।

गौरतलब है कि वर्ष २०२४ में विद्यालय को चऋएठऊ द्वारा क-णछ-प्री-स्कूल एक्सीलेंस अवॉर्ड्स २०२४ में राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान प्राप्त हुआ था तथा भारत के ४० प्रमुख नए विद्यालयों में शीर्ष ४ प्री-स्कूल्स में स्थान मिला था। इसके पश्चात वर्ष २०२५ में स्टार एजुकेशन अवॉर्ड का मिलना विद्यालय की सतत गुणवत्ता, सुदृढ़ अवसंरचना और प्रभावी शिक्षण प्रणाली का प्रमाण है।इस अवसर पर विद्यालय की ओर से चेयरमैन डॉ.अल्तमश हसन शेख,डायरेक्टर शुनीद शेख, बिनीश शेख तथा शीबान शेख उपस्थित रहे.

विद्यालय प्रबंधन ने इस सफलता का श्रेय समर्पित शिक्षकों, सहयोगी अभिभावकों और मेहनती विद्यार्थियों को देते हुए कहा कि यह सम्मान पूरे अल-हसन इंटरनेशनल स्कूल परिवार की सामूहिक मेहनत और प्रतिबद्धता का परिणाम है। प्रबंधन ने भविष्य में भी समयानुकूल, गुणवत्तापूर्ण और मूल्याधारित शिक्षा प्रदान करने के संकल्प को दोहराया.

# होळ की शिवछत्रपति क्रीड़ा व्यायामशाला के पहलवान जिला कुमार कुश्ती प्रतियोगिता में चमके



बीड (प्रतिनिधि)

दि. १५ : आष्टी में आयोजित जिला स्तरीय कुमार कुश्ती प्रतियोगिता में केज तालुका के होळ गांव स्थित शिवछत्रपति क्रीड़ा व्यायामशाला के पहलवानों ने उल्लेखनीय सफलता हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

इस प्रतियोगिता में यशराज रत्नाकर मुंडे ने ८० किलोग्राम वजन वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं शिवम दत्ता धोंगडे ने ६० किलोग्राम वजन वर्ग में दमदार कुश्ती दिखाते हुए छत्रपति संभाजीनगर में होने वाली राज्य स्तरीय कुमार कुश्ती प्रतियोगिता के लिए अपना चयन सुनिश्चित किया है।

इस शानदार सफलता पर दोनों पहलवानों को खेल प्रेमियों, प्रशिक्षकों, साथी पहलवानों तथा शिवछत्रपति क्रीड़ा व्यायामशाला की ओर से हार्दिक बधाई दी गई। साथ ही आगामी राज्य स्तरीय एवं कुमार महाराष्ट्र केसरी कुश्ती प्रतियोगिता के लिए उन्हें शुभकामनाएं दी गई हैं।

# मिल्लीया गर्ल्स शाळेत आरोग्य तपासणी शिबिर संपन्न



बीड ( पठाण रियाज खान) बीड येथील मिल्लिया माध्यमिक व उच्च माध्यमिक शाळेत पाचवी ते बारावी वर्गाच्या विद्यार्थिनींची आरोग्य तपासणी करण्यात आली. विशेष करून ही शाळा मुलींची असल्यामुळे मुलींचे आरोग्य उत्तम कसे राखता येईल व मुलींना आरोग्य विषयी जनजागृती कशी करता येईल या उद्देशाने प्रत्येक वर्षी प्रमाणे याही वर्षी जिल्हा शासकीय रुग्णालयामार्फत तज्ञ डॉक्टरांकडून मुलींची आरोग्य तपासणी करण्यात आली यावेळी पाचवे ते बारावीपर्यंतच्या ८०० पेक्षा जास्त विद्यार्थीनीची आरोग्य तपासणी करण्यात आली यावेळी शासकीय रुग्णालयाचे तज्ञ डॉक्टर उपलब्ध होते.

या कार्यक्रमात शाळेतील मुख्याध्यापक उपमुख्याध्यापक सुपरवायझर व सर्व महिला शिक्षक उपस्थित होते आरोग्य शिबीर उत्कृष्टरित्या संपन्न झाले.

# जमाअत-ए-इस्लामी हिंद, महाराष्ट्र के अध्यक्ष मौलाना इलियास ख़ान फलाही ने जालना बालिका दुष्कर्म-हत्या मामले में दया याचिका खारिज होने का स्वागत किया

मुंबई: जमाअत-ए-इस्लामी हिंद, महाराष्ट्र के अध्यक्ष मौलाना इलियास ख़ान फलाही ने २०१२ में जालना में दो वर्षीय बच्ची के अपहरण, दुष्कर्म और हत्या के दोषी रवि घुमारे द्वारा दायर दया याचिका को खारिज किए जाने का स्वागत किया है। संगठन ने कहा कि इस निर्णय से पीड़ित परिवार को लंबे समय बाद राहत मिली है और न्याय व्यवस्था में विश्वास सुदृढ़ हुआ है।

इस पर विस्तार से टिप्पणी करते हुए मौलाना इलियास ख़ान फलाही ने कहा, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्वारा दया याचिका का खारिज किया जाना इस सिद्धांत की पुष्टि करता है कि बच्चों के खिलाफ अत्यंत क्रूर अपराधों में सर्वोच्च स्तर की जवाबदेही आवश्यक है। भले ही न्याय की प्रक्रिया लंबी रही हो, अंततः न्याय स्थापित हुआ है।

जमाअत-ए-इस्लामी हिंद, महाराष्ट्र के अध्यक्ष ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने २०१९ में अपराध की प्रकृति की गहन समीक्षा के बाद मृत्युदंड की सज़ा को बरकरार रखा था और इसे 'दुर्लभतम से दुर्लभ' श्रेणी में माना था। उन्होंने कहा कि इस कृत्य ने समाज की अंतरात्मा को झकझोर दिया और एक निर्दोष बच्चे को जानबूझकर निशाना बनाया गया।

मौलाना फलाही ने पीड़ित बच्ची के माता-पिता के साथ एकजुटता भी व्यक्त की, जिन्होंने वर्षों तक कानूनी प्रक्रिया का सामना किया। उन्होंने कहा कि जमाअत-ए-इस्लामी हिंद, महाराष्ट्र संबंधित अधिकारियों से आग्रह करती है कि कानून के अनुसार सज़ा को बिना किसी और विलंब के लागू किया जाए।

दैनिक भारत की तामीर अखबार के मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक काजी मखदूम शफीउद्दीन ने आरएम प्रिंटरर्स, बार्शी रोड, बीड 431122 महाराष्ट्र में मुद्रित कर के दैनिक तामीर, नगर परिषद परिसर, बशीर गंज, बीड, महाराष्ट्र कार्यालय से प्रकाशित किया है। मोबाइल : 9270574444 ईमेल : hinditameer@gmail.com वेबसाइट : www.dailytameer.com

daily Bharat ki tameer newspaper owner printer publisher editor Quazi makhdoom shafiuddin has printed at RM printers barshi road beed 431122 Maharashtra at published at office daily tameer nagar parishad complex Bashir gunj beed Maharashtra. Mobile : 9270574444 Email : hinditameer@gmail.com Website : www.dailytameer.com